RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 24 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 92 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# कचरे की समस्या से भी जूझ रहे मुंबईकर

## डेढ़ महीने में करीब 4400 कचरे की शिकायत

मुंबई : भारी बारिश के बीच मुंबईकर जलजमाव ही नहीं कचरे की समस्या से भी जूझ रहे हैं। मुंबई में डेढ़ महीने के भीतर कचरे की करीब 4400 शिकायत बीएमसी के व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर पर मिली है। इसमें सड़क पर कूड़ा पड़ा रहने की कुल 3205 शिकायतें थीं जबकि 1200 शिकायतें निर्माण के मलबे ( डेब्रिज) से संबंधित थीं। बीएमसी के एक अधिकारी ने दावा किया इसमें से पिछली एक महीने में करीब 95 प्रतिशत से अधिक शिकायतों पर कार्रवाई की गई। मुंबई में औसतन प्रतिदिन कचरे से संबंधित 100 शिकायत बीएमसी को मिल रही है।



बता दें कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई को साफ-सुथरा रखने के लिए 8 जून 2023 को 8169681697 व्हाट्सएप नंबर जारी किया था। इसे मुख्यमंत्री क्लीन मुंबई हेल्पलाइन नंबर भी कहा जाता है। मुंबई में कहीं भी पड़े कचरे की शिकायत लोग इस नंबर पर कर सकते हैं। यह शिकायत सीधे संबंधित विभाग में जाती है। संबंधित अधिकारी कचरे की जगह को क्लीन करवा कर इसी व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर पर फोटो अपलोड करना होता है। बता दें कि बीएमसी ने वर्ष 2030 तक मुंबई में कचरा उत्पादन शून्य का लक्ष्य रखा है। बीएमसी के करीब 29 हजार सफाई कर्मचारी मुंबई को साफ सुथरा रखने के लिए प्रतिदिन काम करते हैं। मुंबई में प्रतिदिन लगभग 6 हजार मीट्रिक टन कचरा पैदा होता है। मुंबई से कचरे को उठा कर देवनार और कांजुरमार्ग डंपिंग ग्राउंड में कचरे को फेंका जाता है। इसके बावजूद भी कई लोग कूड़ा-कचरा सड़कों, खुले स्पेस और फुटपाथों पर फेंक देते हैं। बीएमसी अधिकारी ने बताया कि इसी तरह अवैध रूप से डेब्रिज फेंकने की भी शिकायत लगातार मिल रही है। शिकायत करने वालों का कहना है कि डेब्रिज खाली जगह पर, सर्विस रोड के पास और हाइवे के किनारे रात में फेंके देते हैं। इससे आम नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है।

बीएमसी अधिकारी ने बताया कि नागरिकों से इस नंबर पर सिर्फ कचरे और डेब्रिज से संबंधित शिकायत करने को कहा गया है , लेकिन लोग तरह-तरह की शिकायतें कर रहे हैं। क्योंकि इस नंबर पर आई अन्य शिकायतों का निपटारा नहीं किया जाएगा। 3205 कचरे की शिकायत में से 3195 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है। वहीं 1200 डेब्रिज की शिकायत में से 1193 का निपटारा हुआ है। बाकी शिकायतों का निपटारा जल्द ही किया जाएगा। बीएमसी अधिकारी ने बताया कि व्हाट्सएप नंबर पर शिकायत मिलने के कुछ ही घंटे के बाद कचरे की सफाई कर दी जा रही है।

# ठाणे में कारोबारी से 5.02 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी,

## दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज





**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने एक कारोबारी से 5.02 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी को लेकर एक व्यक्ति और महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। भायंदर पुलिस थाना के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी, एक कारोबार परामर्श कंपनी का प्रतिनिधित्व करते थे और पीड़ित की कंपनी को अन्य कंपनियों से एक समझौते के तहत काम दिलाते थे। उन्होंने कहा कि आरोपी ने इस प्रक्रिया में पिछले दो वर्षों में विभिन्न कंपनियों से प्राप्त 5.02 करोड़ रुपये कथित तौर पर धोखाधड़ी करके निकाल लिये।

कारोबारी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक विश्वाघात) और 34 (सामान्य इरादे से कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कार्य) के तहत मामला दर्ज किया। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच चल रही है।

# पालघर के नजदीक समंदर में फंसा विशाल जहाज,

## शिप पर 13 लोग मौजूद, रेस्क्यू की तैयारी



**पालघर :** पालघर में समुद्र किनारे बड़ा जहाज फंस गया है. सी सिद्धि नाम का यह जहाज मुंबई पोर्ट ट्रस्ट से गुजरात के हाजीरा के लिए रवाना हुआ था. रवाना होने के बाद पालघर के पास शिप में तकनीकी खराबी आई गई, जिसकी वजह से वो आगे नहीं बढ़ पाई. शिप पर कुल 13 लोग सवार बताए जा रहे है. इस कमर्शियल शिप पर कुछ सामान भी लदा हुआ है. पानी में तैरते विशालकाय जहाज की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन हरकत में आ गई थी.

# मुंबई में चलती मर्सिडीज बेंज में लगी आग, धू-धू कर जल गई पूरी कार...



**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुंबई में एक बेहद ही चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जहां रविवार (23 जुलाई) को एक चलती मर्सिडीज बेंज कार में आग लग गई. आग इतनी भीषड़ थी की कार जलकर राख हो गई. यह मामला शहर के महालक्ष्मी रेसकोर्स इलाके कि है. ड्राइवर के मुताबिक, कार के एयर कंडीशनिंग डक्ट से पहले धुआं निकलने लगा और अचानक से विस्फोट हो गया. घटना के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए मुंबई पुलिस ने तुरंत ही इलाके की सड़क को बंद कर दिए. जिससे से इलाके में यातायात प्रभावित हुआ.

**क्या कहा ड्राइवर ने**

मर्सिडीज बेंज कार के ड्राइवर से जब मुंबई पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि वह शहर के महालक्ष्मी रेसकोर्स इलाके में कार को ड्राइव कर रहा था. तभी अचानक से एयर कंडीशनिंग डक्ट से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते कार में तेजी से आग लग गई. कुछ ही देर में मर्सिडीज बेंज कार आग के लपेट में आकर राख हो गया.

### मुंबई पुलिस को आया धमकी भरा फोन....

# 'आरडीएक्स से भरा एक टैंकर मुंबई से गोवा जा रहा',



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में एक बार फिर पुलिस को धमकी भरा फोन किया गया है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को देर रात करीब एक बजे एक धमकी भरा फोन आया, जिसमें फोन करने वाले ने बताया कि दो पाकिस्तानी नागरिकों के साथ आरडीएक्स से भरा एक टैंकर मुंबई से गोवा जा रहा है। फोन करने वाले ने खुद को पांडे बताया। जांच जारी है। जानकारी के मुताबिक, फोन कॉल के बाद पुलिस ने तत्काल महाराष्ट्र एटीएस और गोवा पुलिस को अलर्ट किया। पुलिस ने कहां से किया गया, इसका पता लगा लिया है और अब वह फोन करने वाले की पहचान करने में जुटी है। इससे पहले 13 जुलाई को एक अज्ञात व्यक्ति ने मुंबई ट्रैफिक पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर 26/11 हमले जैसा हमला करने की धमकी दी थी। मुंबई पुलिस के मुताबिक, मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को एक धमकी भरा फोन आया था, जिसमें फोन करने वाले ने पुलिस को धमकी दी कि अगर पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर पाकिस्तान नहीं लौटी तो 26/11 के आतंकवादी हमले के लिए तैयार रहें।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### संवेदनहीन राजनीति

मणिपुर में दो महिलाओं के साथ यौन हिंसा की वीभत्स घटना के बाद महिला उत्पीड़न की अन्य शर्मनाक घटनाओं को लेकर विभिन्न दल एक-दूसरे पर जिस तरह आरोप उछाल रहे हैं, वह सस्ती राजनीति और महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को लेकर बरती जानी वाली संवेदनहीनता ही है। राजनीति के इसी रवैये के कारण महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर प्रभावी लगाम नहीं लग पा रही है। नि:संदेह मणिपुर की घटना कहीं अधिक भयावह और विचलित करने वाली है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि देश के अन्य हिस्सों में महिलाओं के साथ यौन हिंसा और उत्पीड़न की जो शर्मसार करने वाली घटनाएं हो रही हैं, उनकी अनदेखी कर दी जाए या फिर यह प्रदर्शित किया जाए कि ऐसा तो होता ही रहता है। बीते दिनों बंगाल के मालदा में दो महिलाओं के कपड़े फाड़कर अर्धनग्न अवस्था में उनकी सार्वजनिक रूप से पिटाई की गई। उन पर चोरी का संदेह था। क्या चोरी के संदेह में पकड़ी गई महिलाओं को निर्वस्त्र कर पीटना सामान्य बात है? क्या सभ्य समाज को यह शोभा देता है?

बंगाल में राजनीतिक कारणों से भी महिलाओं के साथ कुछ उसी तरह की घटनाएं होती रहती हैं, जैसी मणिपुर में हुईं। क्या कोई इसे भूल सकता है कि बंगाल के पिछले विधानसभा चुनाव के बाद तृणमूल समर्थकों ने पुलिस की उपस्थिति में विरोधी दलों के कार्यकताओं के घर लूटने-जलाने के साथ उनकी महिलाओं का किस तरह यौन उत्पीड़न किया था? तब इतना आतंक मचाया गया था कि सैकड़ों लोग जान बचाने के लिए असम भाग गए थे। हाल के पंचायत चुनावों में भी बंगाल भीषण हिंसा का गवाह बना, लेकिन अधिकांश दलों ने चुप्पी साधे रखी, क्योंकि ममता कथित तौर पर सेक्युलर नेता हैं। मणिपुर की घटना को लेकर अन्य दलों के साथ कांग्रेस भी भाजपा पर हमलावर है। यह स्वाभाविक है, लेकिन क्या इसकी अनदेखी कर दी जाए कि राजस्थान सरकार के एक मंत्री ने जब यह कहा कि हम महिलाओं की सुरक्षा में विफल हैं और उनके खिलाफ जैसे अत्याचार हो रहे हैं, उसे देखते हुए हमें मणिपुर के स्थान पर अपने अंदर झांकना चाहिए तो उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। निश्चित रूप से नारी विरोधी अपराधों के मामले में बात किसी राज्य विशेष की नहीं है। देश के हर हिस्से में उनके साथ अत्याचार होता रहता है और कई बार तो इतना भयानक कि देश को लज्जित होना पड़ता है, लेकिन राजनीतिक दल, अनेक बुद्धिजीवी और यहां तक कि देश-विदेश के मीडिया का एक हिस्सा भी अपना आक्रोश यह देखकर व्यक्त करता है कि घटना किस दल के शासन में हुई? इसी हिसाब से उनकी संवेदना जागती है। यह निकृष्ट कोटि की संकीर्णता है। आपसी संघर्ष और राजनीतिक-सामाजिक वैमनस्य के चलते महिलाओं का यौन उत्पीड़न दुनिया भर में होता है, लेकिन अपने देश में राजनीतिक क्षुद्रतावश उनके मामले में बड़ी बेशर्मी के साथ दोहरा मानदंड अपनाया जाता है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# बच्चो की दी जा रही शिक्षा बच्चो को समझा की नही मनपा कृत्रिम बुद्धिमत्ता से करेगी जांच

## कुर्ला नेहरू नगर में मनपा स्कूल बनी नई इमारत का केसरकर ने किया उदघाटन



**मुंबई :** कुर्ला पश्चिम में नेहरू नगर स्थित मनपा प्रशासन द्वारा बनाई गई 7 मंजिला इमारत का शिक्षण मंत्री दीपक केसरकर ने शनिवार को उद्घाटन किया।शिक्षण मंत्री ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई की ओर अधिक झुकाव हो इसके लिए रीड मुंबई उपक्रम अपनाया जा रहा है इसी तरह बच्चो को खेती बारी की भी जानकारी हो इसके लिए मनपा प्रशासन ने किचन गार्डन की शुरूआत की है।जिसमे स्कूलों की छत पर सब्जी पैदा की जाएगी इसी के माध्यम से बच्चो को कृषि की जानकारी दी जाएगी। शिक्षण मंत्री दीपक केसरकर ने कहा देश में मुंबई मनपा एकमेव महानगर पालिका है जो कि 8 भाषाओं में बच्चों को शिक्षा देती है। मनपा अब बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा बच्चों को समझ में आ रही है कि नहीं यह जानने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ) का उपयोग किया जाएगा।मनपा जमीनी स्तर पर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम कर रही है,. नेहरू नगर में मनपा की बनी स्कूल का उद्धघाटन करते हुए शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने कहा मनपा छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा दी जाए, तो वे शिक्षा के बाद अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं और इस प्रकार पेशेवर बन सकते हैं। इसी लिए मनपा स्कूलों में कौशल्य विकास की शिक्षा शुरू की गई अब इसे राज्य भर के स्कूलों में हाईटेक शिक्षा मुहैया करायी जायेगी. इसके लिए हर स्कूल में एक वेब कैमरा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग यह जानने के लिए किया जाएगा कि छात्र उन्हें दी जा रही शिक्षा को समझते हैं या नहीं। छात्रों में पढ़ने के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से महाराष्ट्र सरकार मुंबई के स्कूलों में 'रीड मुंबई' पहल लागू करने जा रही है। यह पहल 'रीड महाराष्ट्र' नाम से राज्य भर के स्कूलों के लिए भी लागू की जाएगी। शहर में पढ़ने वाले विद्यार्थी किसानों की समस्याओं से अवगत हों, इसके लिए स्कूलों की छतों पर 'किचन गार्डन' बनाए जाने चाहिए। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि मध्याह्न भोजन के लिए जरूरी सब्जियां यहीं तैयार करायी जाए। .उल्लेखनीय है कि मुंबई महानगरपालिका अब बच्चो को उच्च कोटि की शिक्षा देने के लिए सीबीएससी आई सी एस सी सहित कैंब्रिज बोर्ड की शिक्षा दे रही है।

# डॉक्टरों की कमी से बंद होने की कगार पर पहुंचा सेंट जार्ज अस्पताल

## राज्य सरकार ने अब शुरू की डॉक्टरों की भर्ती




**मुंबई :** कोरोना काल में डॉक्टरों और अस्पतालों की कमतरता से मरीजों का बुरा हाल हुआ।दक्षिण मुंबई के सेंट जार्ज अस्पताल में डॉक्टरों की कमतरता से मरीज को सुविधा नही मिलने से लोग इस अस्पताल में आना छोड़ दिए है जिसके चलते एक एक करके कई विभाग बंद होने लगे है।राज्य में एकनाथ शिंदे और भाजपा की सरकार आने के बाद डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की है इतना ही नही अस्पताल में जर्जर अस्पताल के रूप में चले गए विभागों का नूतनीकरण करने का काम भीं शुरू किया गया है।इस तरह की जानकारी राज्य के वैधकीय शिक्षण मंत्री हसन मुस्रिफ ने भाजपा विधायक राजहंस सिंह के पूछे सवाल पर जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि कोरोना काल में अस्पताल में खाट की उपलब्धता नही होने से खाट के लिए दर दर भटक रहे थे। वही दक्षिण मुंबई के मध्य में बनी सेंट जार्ज अस्पताल में निवासी डॉक्टर और कर्मचारियों की कमतरता से अस्पताल का एक एक विभाग बंद होने की कगार पर जा रहा था।भाजपा के विधानपरिषद सदस्य राजहंस सिंह ने अस्पताल की खस्ता हाल पर सरकार से सवाल पूछा कि अस्पताल में कर्मचारियों की और निवासी डॉक्टर की कमतरता अस्पताल का एक एक विभाग बंद हो रहा है क्या । कोरोना काल के बाद तो अस्पताल की यह हालत हो गई थी कि अस्पताल में ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या में 70 प्रतिशत से भी अधिक मात्रा में कमी आ गई थी।सेंट जार्ज में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को जेजे अस्पताल भेजा जाने लगा। सेंट जार्ज अस्पताल का दो प्रमुख विभाग पूरी तरह बंद कर दिया गया इतना ही नही अस्पताल का ऑपरेशन थिएटर भी बंद कर दिया गया था । अस्पताल में छोटा मोटा ही ऑपरेशन हों रहा था। अस्पताल में डॉक्टरों की कमी और कर्मचारियों की कमी से अस्पताल धीरे धीरे बंद होने की कगार पर जा रहा था। मरीजों का बुरा हाल हो रहा था।राजहंस सिंह ने अस्पताल को सुचारू रूप से चलने के लिए सरकार से क्या उपाय योजना की है इसकी जानकारी अधिवेशन के दौरान वैद्यकीय शिक्षण मंत्री से इस पूरे मामले पर जानकारी मांगी।राज्य के वैद्यकीय शिक्षण मंत्री हसन मुस्रीफ ने अस्पताल में डॉक्टर और कर्मचारियों की कमतरता को सही ठहराते हुए डॉक्टरों और कर्मचारियो की कामरता पर निवासी डॉक्टर की जल्द भर्ती होने की जानकारी देते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## पांच करोड़ जीता तो और मुनाफा कमाने का आया लालच, ऑनलाइन जुए में हार बैठा 58 करोड़ रु.



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में नागपुर का एक कारोबारी ऑनलाइन जुए में 58 करोड़ रुपये हार गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने एक संदिग्ध सट्टेबाज अनंत उर्फ सोंटू नवरतन जैन के घर पर छापेमारी कर चार किलोग्राम सोने के बिस्कुट और 14 करोड़ रुपये नकद बरामद किए। हालांकि, छापेमारी से ठीक पहले आरोपी मौके से भाग गया। नागपुर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि संदेह है कि सट्टेबाज दुबई भाग गया है। अधिकारी ने आगे कहा कि शुरूआती जांच में ऐसा लग रहा है कि आरोपी ने कारोबारी को ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए ऑनलाइन जुआ खेलने के लिए मना लिया था। हालांकि, कारोबारी शुरूआत में थोड़ा झिझके थे, लेकिन बाद में वह जैन की बातों में आ गए और हवाला व्यापारी के माध्यम से उसे आठ लाख रुपये दिये।




# रेलवे के सिग्नल रुम में तोड़फोड़...!



**मुंबई :** भाईंदर आरपीएफ ने सिग्नल रुम में तोड़फोड़ करनेवाले आरोपी को विरार से गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपी की जानकारी मिली जिंसके बाद आरपीएफ की टीम वहां पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। थाने लाकर पूछताछ करने पर पता चला कि उसीने तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें लगभग डेढ़ लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ। घटना 11 जुलाईं की है जिसके बाद मामले में वसई जीआरपी में एफआईआर दर्ज किया गया था। आरोपी आईपीसी की धारा 457, 427 के अलावा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धारा 3 (2)(ई) के तहत एफआईआर दर्ज किया था। मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अजय इंगले (20) है।

# अनिल अंबानी को एक और बड़ा झटका!

## अब 5 एयरपोर्ट को लीज से वापस लेगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई :** अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है. अब एयरपोर्ट को लीज से वापस लेने के बारे में विचार किया जा रहा है. राज्य के उपमुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि महाराष्ट्र सरकार अनिल अंबानी की रिलायंस एयरपोर्ट डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से पांच हवाई अड्डे वापस लेने जा रही है. महाराष्ट्र सरकार ने इन पांच एयरपोर्ट को लीज पर अनिल अंबानी की रिलायंस इंफ्रास्ट्रर की सहायक कंपनी आरएडीपीएल को 2009 में 30 साल तक के लिए ठेका दिया था. अब इन्हें वापस लेने का फैसला किया गया है. इन पांच एयरपोर्ट्स में बारामती, नांदेड़, लातूर, यवतमाल और उस्मानाबाद शामिल हैं. मौजूदा समय में ये




सक्रिय नहीं हैं.

### एयरपोर्ट का रखरखाव नहीं कर रही कंपनी

रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र विधानसभा सत्र के दौरान डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि आरएडीपीएल एयरपोर्ट्स की देखरेख नहीं कर रहा है. इसके अलावा, बकाया का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है. ऐसे में नांदेड़ एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि हम महाधिवक्ता के साथ हवाई अड्डों पर कब्जा करने की कानूनी चर्चा करेंगे. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पांच हवाई अड्डों के लिए सभी बकाया का भुगतान भी करेगी और फर्म से राशि भी वसूल करेगी.

### 32 में से सिर्फ 11 एयरपोर्ट संचालित...

**फड़णवीस की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए सीनियर कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने कहा कि राज्य में करीब 32 एयरपोर्ट्स और हवाई पट्टियां हैं, उनमें से केवल 11 सक्रिय एयरपोर्ट हैं. कांग्रेस नेता ने कहा कि नांदेड़ हवाईअड्डा काफी समय से बंद है. इसके अलावा मुंबई हवाईअड्डा भी प्रमुख शहरों के लिए उड़ानों के लिए पर्याप्त स्लॉट नहीं दे रहा है, जिससे राज्य के भीतर यात्रा करना मुश्किल हो चुका है.**

### अगले साल चालू होगा नवी मुंबई एयरपोर्ट

डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार ने सभी तहसील में एक-एक हेलीपैड बनाने का भी फैसला किया है और इसके लिए उन्होंने स्थानों की तकनीकी स्थिति की जांच करने के लिए एक समिति का चयन किया है.

### नोडल एजेंसी बनाने का एलान

**फड़नवीस ने आश्वासन दिया कि वे मुंबई हवाई अड्डे पर अधिक स्लॉट प्राप्त करने का प्रयास करेंगे. वह जल्द ही मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक करेंगे और उन्हें राज्य के प्रमुख शहरों के लिए अधिक स्लॉट देने के लिए कहेंगे. इसके अलावा फड़वीस ने एक नोडल एजेंसी बनाने का भी एलान किया है. यह नोडल एजेंसी एयरपोर्ट के विकास की देखभाल करेगी.**

# ब्रांडेड कपड़ो से भरा टेंपो लेकर चालक हुआ फरार....



**मुंबई:** गोरेगांव पुलिस ने शुक्रवार को एक ड्राइवर के खिलाफ एफएआईआर दर्ज किया। जिसे गुजरात में ब्रांडेड कपड़ों की एक खेप पहुंचाने के लिए काम पर रखा गया था। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वह वाहन और कपड़ों के साथ 22 लाख रुपये लेकर गया है। शुक्रवार को व्यवसायी दिनेश यादव ने शिकायत दर्ज कराई। जिसमें कहा गया है कि आरोपी राजू यादव को उसके एक करीबी दोस्त ने बुलाया था। इस डिलीवरी के लिए शिकायतकर्ता के भाई का वाहन जिसमें कपड़े लड़े थे, उसे शनिवार दोपहर तक गुजरात के सूरत पहुंचना था। यादव ने पुलिस को बताया की उन्होंने ड्राइवर पर भरोसा किया क्योंकि उसने कुछ महीनों तक उनके दोस्त के लिए काम किया था। उसके पास अगले कुछ दिनों तक कोई काम नहीं था। इसलिए उन्होंने उसे डिलीवरी के लिए भेजने फैसला किया।

शुक्रवार शाम को ट्रक में 15 लाख रुपये के ब्रांडेड कपड़े लादकर राजू यादव को सौंप दिया गया। उन्हें शनिवार दोपहर एक बजे तक गंतव्य पर पहुंचना था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जब आरोपी डिलीवरी के समय के एक घंटे बाद भी वहां नहीं पहुंचा, तो शिकायतकर्ता ने आरोपी से संपर्क करने की कोशिश की, जिसने कॉल का जवाब नहीं दिया। जिस ग्राहक ने डिलीवरी का ऑर्डर दिया था, उसने भी पुष्टि की कि उसका माल वाला ट्रक गंतव्य तक नहीं पहुंचा है। जिंसके बाद यादव ने पुलिस थाने मवन संपर्क किया और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। मामले के8 अधिक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# देश का सबसे बड़ा ब्रांड फिट टू स्लिम अब मुंबई के कुर्ला में



**अफजल शैख**

आप सब को जान कर खुशी होगी की देश के सबसे बड़ा ब्रांड एसएएस फिट टू स्लिम की फ्रेंचाइजी अब मुंबई के कुर्ला से शुरू हुई यानी अब ऑनलाइन घर बैठे रसोई के मसाले से आपका वजन कम कर सकते यानी घर बैठे वजन घटाना और भी आसान हो गया है, डॉक्टर नमराह शैख का कहना है की अब आलू खा कर भालू नही बनेंगे आप बस आपको जो डायट मिलेगा उसे फॉलो करना है बिना एक्सोसाइज के आपके वजन पर बहुत फर्क पड़ेगा . बहुत सी ऐसी बीमारियां है जिसमे आपको ये डायट लाभ दायक है जैसे पीसीओडी/पीसीओएस, थायराइड, हाई ब्लड प्रेशर डायबिटीज, एंजाइटी, डिप्रेशन जैसी बहुत सी बीमारियों से छुटकारा मिल सकता है बस आपको डॉक्टर नमराह शैख से संपर्क करे +91 7021-601-106. और अपना कारोबार भी शुरू करे.

# मुंबई ही नहीं अडानी की इमेज भी चमकाएगा धारावी का रीडेवलपमेंट, ये है प्लान?

**मुंबई :** उद्योगपति गौतम अडानी के लिए 2023 फर्श से अर्श पर आने जैसा साल रहा है. कभी दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स बन चुके गौतम अडानी के लिए श्राप का काम किया अमेरिका की शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट ने, लेकिन अडानी आगे बढ़ चुके हैं और अब सपनों के शहर मुंबई के 'धारावी स्लम एरिया' का रीडेवलपमेंट करने जा रहे हैं. धारावी का ये रीडवलेपमेंट क्या मुंबई शहर को चमकाने के साथ-साथ गौतम अडानी की इमेज को भी चमकाएगा?

धारावी का रीडेवलपमेंट अपने तय कार्यक्रम से लगभग 20 साल देरी से चल रहा है. पहले भी कई बार इसे कायाकल्प की कोशिश हो चुकी है, लेकिन ये काफी पेचीदा है. मुंबई के बीच में बसा ये इलाका करीब 7



लाख झुग्गी-वासियों का ठिकाना है. साथ ही पॉटरी, लेदर और टेक्सटाइल इंडस्ट्री का हब भी है. ऐसे में अडानी ने इसके रीडेवलपमेंट का जो प्लान बनाया है वो किसी 'जादू' से कम नहीं है.

### अडानी की इमेज को मिलेगा ये फायदा

धारावी का रीडेवलपमेंट हमेशा से विवादों में रहा है. अगर हॉलीवुड की फिल्म 'स्लमडॉग मिलेनियर' नहीं बनती, तो संभव है कि देश की एक बड़ी आबादी को ये पता भी नहीं चलता कि धारावी जैसा एशिया का सबसे बड़ा स्लम अपने ही देश में है. कभी कोली समुदाय के लोगों ने यहां रहना शुरू किया, फिर गुजरात और तमिलनाडु के बाशिंदे यहां आकर बसने लगे. जब मुंबई शहर का दायरा बढ़ा, तो धारावी शहर के बीचों-बीच आ गया. ऐसे में अडानी ग्रुप ने धारावी के रीडेवलपमेंट का जो प्लान बनाया है, उसे वह सही से पूरा करता है, तो ये ना सिर्फ मुंबई शहर को साफ और स्वच्छ बनाएगा, उसकी इमेज को संवारेगा, बल्कि गौतम अडानी की इमेज को भी चमकाने का काम करेगा. इस काम से अडानी और उनके ग्रुप को जो 'सोशल इक्विटी' मिलेगी, वह उनके ब्रांड की धमक इंटरनेशनल लेवल पर जमाएगा.

### धारावी से क्या है अडानी का वादा?

**अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी प्रॉपर्टीज को धारावी रीडेवलपमेंट का ठेका मिला है. ग्रुप का वादा है कि वह यहां बसने वाले लोगों को ना सिर्फ बेहतर रहने की जगह देगा, बल्कि यहां की छोटी और लघु इकाइयों का संरक्षण और उन्हें आगे बढ़ाने का भी काम करेगा. मुंबई के धारावी को अडानी ग्रुप एक 'मॉर्डन सिटी सेंटर' में बदलने का इरादा रखता है. यहां के लोगों के पुनर्वास में कई बातें शामिल हो सकती हैं, जैसे कि अपस्किलिंग के लिए ट्रेनिंग सेंटर, प्रोडक्ट और सर्विस बेस्ड कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनना, रिसर्च सेंटर, डेटा सेंटर, एमएसएमई हेल्प डेस्क इत्यादि को डेवलप किया जाना. ताकि यहां के उद्योग को बचाया जा सके और उनके लिए एक ऑनलाइन मार्केट प्लेस भी तैयार किया जा सके. वहीं रहने के लिए गैस, पानी, बिजली, साफ-सफाई, ड्रेनेज, स्वास्थ्य, मनोरंजन की सुविधाओं समेत खुला एरिया और एक वर्ल्ड क्लास स्कूल और हॉस्पिटल भी इस एरिया में डेवलप किया जा सकता है. हो सकता है कि ये आपको असंभव लग रहा हो क्योंकि ये काम करीब 7 लाख लोगों के लिए किया जाना है, लेकिन बड़े प्रोजेक्ट्स संभालने में अडानी ग्रुप को महारत हासिल है. इसे उन्होंने कई मौकों पर साबित भी किया है.**

# नौ वर्षो में तीसरी बार जुलाई में 204 मिमी के साथ सबसे अधिक वर्षा...

## तालाबो में अभी तक 50 प्रतिशत पानी भी नहीं हो पाया जमा... पानी की समस्या जस की तस है बनी

मुंबई : पिछले चार दिनों से मुंबई ठाणे और पालघर सहित अन्य इलाको में हो रही भारी बारिश से लोग परेशान हुए। रायगढ़ जिले में हुए भूस्खलन से दो दर्जन से अधिक लोगो की जान भी चली गई। मुंबई में हुई बारिश पर नजर डाले तो शुक्रवार सुबह 8 बजे ने शनिवार की सुबह 8 बजे तक मुंबई के सांताक्रूज में चौबीस घंटे में 204 मिमी बारिश दर्ज की गई जो कि पिछले नौ सालों में तीसरी बार है।



इसके पहले 16 जुलाई 2021 को 253 ,3 मिमी और 2 जुलाई 2019 को 375 ,2 मिमी बारिश हुई थी। मुंबई में इतनी बड़ी मात्रा में बारिश होने के बावजूद मुंबई में पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है ।मुंबई शहर को जलापूर्ति करने वाले तालाब में अभी तक मात्र 48 प्रतिशत ही पानी जमा हो पाया है। जिससे मुंबई पर अभी भी जलसंकट बना हुआ। तालाबों में पानी की कमी के चलते मनपा प्रशासन ने 10 प्रतिशत पानी की कटौती 1 जून से ही शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि पिछले 4 दिनो से मुंबई और उसके आस पास हो रही बारिश से लोग परेशान हो उठे है। शनिवार को बारिश का जोर मुंबई में धीमा सा पड़ गया। शनिवार सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मुंबई के शहर में 16,34मिमी पूर्व उपनगर में 21,97 मिमी और पश्चिम उपनगर में 28,02 मिमी बारिश हुई। बारिश का जोर मुंबई ठाणे और पालघर सहित रायगढ़ में जोरदार था लेकिन नाशिक इलाके में बारिश नही होने से तालाब में पानी की स्थिति विकट बनी हुई है। तालाबों में अभी तक मात्र 48 प्रतिशत पानी ही जमा हो पाया है। जबकि पिछले साल अब तक 88 प्रतिशत तालाब भर गया था वही 2022 में भी तालाबों में 53,86 प्रतिशत पानी जमा हो गया था ।तालाब क्षेत्र में बारिश नही होने से मुंबई की लोगों पर अभी भी जलसंकट बना हुआ है। तालाब में पानी कम होने के कारण मनपा प्रशासन ने 1 जून से 10 प्रतिशत पानी कटौती शुरू की है ।जिसका परिणाम कई इलाकों में अभी से दिखाई दे रहा है। कई इलाकों में लोगो का आरोप है कि बारिश में भी लगभग 50 प्रतिशत पानी कटौती की जा रही है। तालाब में जमा हुए पानी से अभी तक मात्र 198 दिन ही पानी सप्लाई हो सकता है। मुंबई को साल भर रोजाना 3850 एम एल डी पानी सप्लाई होने के लिए जलापूर्ति करने वाले तालाब में कुल 14 लाख 47 हजार 363 एम एल डी पानी जमा होना चाहिए जबकि अभी तक मात्र 6 लाख 88 हजार 142 एम एल डी पानी जमा हो पाया है। शनिवार को तड़के सुबह मुंबई में ही भारी बारिश से अंधेरी सबवे और सायन 24 नंबर रोड पर पानी भर गया था जिससे अंधेरी सबवे से वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया था सायन में भी पानी भरने से कुछ समय के लिए वाहनों के मार्ग को डायवर्ट करना पड़ा था।

### 22 जुलाई सुबह 6 बजे तक सात तालाबों में जमा हुआ पानी

| तालाब | में जमा कुल पानी | कल 24 घंटे हुई बारिश |
|---|---|---|
| अप्पर वैतरणा | 43,657 मिली | 60 मिमी |
| मोड़क सागर | 96919 | 134 |
| तानसा | 125717 | 101 |
| मध्य वैतरणा | 108816 | 39 |
| भातसा | 283984 | 93 |
| विहार | 21002 | 146 |
| तुलसी | 8046 | 163 |
| कुल | 688142 | |

| साल | कुल जमा पानी | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 2023 | 688142 | 47. 54 |
| 2022 | 1268656 | 87. 65 |
| 2021 | 779568 | 53. 86 |

# चार लाख खोए बच्चों को उनके घर पहुंचाया गया सुरक्षित - स्मृति ईरानी

## महिलाओं और बच्चों के सुरक्षा को लेकर महिला एवं बाल विकास गंभीर

**मुंबई :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि चाइल्ड ट्रैकिंग' प्रणाली के माध्यम से देश में खोए हुए चार लाख बच्चों का पता लगाकर उन बच्चों को उनके परिवारों तक सुरक्षित पहुंचाने का काम किया गया है। जबकि करीब 2 हजार 500 बच्चों को गोद लिया गया है जिसका पालन -पोषण किया जा रहा है.शनिवार को षणमुखानंद सभागृह में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग, भारत सरकार और महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से एक विभागीय कार्यक्रम ह्रवत्सल भारत का आयोजन किया गया ।मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण, अल्पसंख्यक मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी. स्मृति ईरानी ने कहा कि



महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए हमारी सरकार पोस्को कानून का पूरा समर्थन करेगी और उनका कानूनी वित्तीय बोझ भी भारत सरकार उठाएगी। अवैध मानव तस्करी रोकने के लिए हर जिले में एक ऑफिस खोला गया हुई है अगर इसमें कोई शिकायत या त्रुटि हो तो विभाग कोई इसकी जानकारी दे. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के प्रत्येक गांव की बाल सुरक्षा समितियां कार्य कर रही हैं। यदि किसी बच्चे को ग्राम पंचायत स्तर पर मदद की जरूरत है तो जानकारी मिलने पर सरकार हर तरह से उसकी मदद करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में विभिन्न सरकारी, अर्ध-सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से बच्चों की देखभाल के लिए आपकी समर्पित सेवा के लिए आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार है. मंत्री स्मृति ईरानी ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे.स्मृति ईरानी ने कहा कि जिन -जिन राज्यों अथवा शहर में बाल विकास कार्यालय नहीं है ऐसे स्थानों पर केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय अपना कार्यालय खोलेगी। उसके लिए केंद्र सरकार निधी उपलब्ध कराएगी।

# भारी बारिश से मचा हाहाकार, कई इलाकों में जलभराव...



**मुंबई :** महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे शनिवार को कई इलाकों में गंभीर जलजमाव की स्थिति बन गई। भारी बारिश के बाद भिवंडी में भी गंभीर जल-जमाव हो गया, जिससे कारें पानी में डूब गईं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार के लिए पालघर, ठाणे, रायगढ़, रत्न ।गिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में अलग-अलग इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने मुंबई में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया है। भारतीय वायु सेना ने शनिवार को यवतमाल में बचाव अभियान चलाया क्योंकि बाढ़ के कारण आनंद नगर गांव में कई लोग फंसे हुए थे।

# मुंबई में DRI ने 30 करोड़ रुपये की 34 विदेशी घड़ियां की जब्त, एक गिरफ्तार



**मुंबई :** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) की मुंबई क्षेत्रीय इकाई ने कोलकाता स्थित एक व्यक्ति के आवास से 30 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की तस्करी की गई महंगी घड़ियां जब्त की हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। डीआरआई की एक विज्ञप्ति के मुताबिक, एक गुप्त सूचना के आधार पर उस व्यक्ति को पिछले सप्ताह सिंगापुर से आने के बाद कोलकाता हवाई अड्डे पर रोक लिया गया था और उसके पास से ग्रुबेल फोर्से कंपनी की बहुत महंगी घड़ी जब्त की गयी।

विज्ञप्ति के मुताबिक, व्यक्ति ने घड़ी के बारे में सीमा शुल्क अधिकारियों को पहले नहीं बताया था, जिसके कारण उसे सीमा शुल्क अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। इसके मुताबिक, राजस्व खुफिया निदेशालय की मुंबई क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने कोलकाता में एक महंगे आवासीय परिसर में उसके घर की तलाशी ली। जहां से ग्रेबेल फोर्से, पर्नेल, लुई वुइटन, एमबी और एफ, मैड, रोलेक्स, ऑडेमर्स पिगुएट तथा रिचर्ड मिल सहित विदेशी कंपनियों की 34 महंगी घड़ियां बरामद की गई ।विज्ञप्ति में कहा गया है कि अधिकतर घड़ियां सीमित संस्करण की थी, जिसकी कीमत 30 करोड़ रुपये से अधिक है। फिलहाल, मामले की जांच चल रही है।




# विदर्भ में भारी बारिश... यवतमाल और बुलढाणा में बाढ़ के पानी में कमी आई



**नागपुर :** महाराष्ट्र में विदर्भ क्षेत्र के अकोला में भारी बारिश का सिलसिलाजारी है और शनिवार को ही जिले में 100 मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विदर्भ के यवतमाल जिले में महागांव तहसील के आनंदनगर टांडा गांव में बाढ़ के कारण फंसे करीब 110 लोगों को शनिवार को बचा लिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, यवतमाल के कई इलाकों में रविवार को बाढ़ के पानी में कमी आई और बारिश की तीव्रता भी घटी। महाराष्ट्र के राहत और पुनर्वास मंत्री अनिल पाटिल ने स्थिति का जायजा लेने के लिए रविवार को यवतमाल का दौरा किया। विदर्भ के बुलढाणा जिले में करीब 100 लोग शनिवार को संग्रामपुर तहसील के कतारगांव में सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित हुए। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि जिले में रविवार को बाढ़ जैसी स्थिति नहीं देखी गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अमरावती जिले में भारी बारिश की संभावना है, जबकि विदर्भ के अन्य हिस्सों में बादल छाए रहने का अनुमान है। नागपुर स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रविवार सुबह साढ़े आठ बजे समाप्त हुई 24 घंटे की अवधि में अकोला में 107.9 मिलीमीटर बारिश हुई। वहीं, यवतमाल में इस अवधि में 24 मिलीमीटर, वर्धा में 23.4 मिलीमीटर, अमरावती में 15.6 मिलीमीटर, नागपुर में 6.7 मिलीमीटर, गढ़चिरोली में 3.0 मिलीमीटर, गोंदिया में 2.2 मिलीमीटर, ब्रह्मपुरी (चंद्रपुर) में 2.4 मिलीमीटर और बुलढाणा में 2.0 मिलीमीटर पानी बरसा।

# बकाया बिजली बिल की "मुंब्रा योजना" भिवंडी में भी

## उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का आश्वासन

**मुंबई :** उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि स्थायी रूप से बिजली कनेक्शन काटे जाने पर यदि बिजली ग्राहक मूल बकाया रकम में से 110 प्रतिशत राशि का भुगतान कर देता है तो उसका बाकी का बिल माफ कर उसे नया कनेक्शन प्रदान करने का प्रावधान शील, मुंब्रा, कलवा वितरण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति करने वाली फ्रेंचाइजी कंपनी टोरेंट पॉवर ने किया है। इसी प्रकार का प्रावधान भिवंडी में लागू करने को लेकर सरकार सकारात्मक है।

विधानसभा में सपा विधायक रईस शेख और अबू आसिम आजमी की लक्ष्यभेदी सूचना पर हुई चर्चा के जवाब में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि फ्रेंचाइजी कंपनी के खिलाफ शिकायत की सुनवाई



तीसरे पक्ष से कराने के लिए एक सिस्टम तैयार करने का निर्देश दिया गया है। भिवंडी में समस्याओं के समाधान के लिए महावितरण के नोडल अधिकारी हर बुधवार और गुरुवार को उपस्थित रहेंगे। इसी तरह की व्यवस्था मुंब्रा में भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में महावितरण के जिन ग्राहकों का स्थायी रूप से कनेक्शन काटा जा चुका है और वे बकाया की मूल रकम एकमुश्त भरते हैं तो उनकी बकाया राशि पर 50 प्रतिशत ब्याज माफ करने की योजना शुरू है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिन विभागों में पॉवर लीकेज की समस्या अधिक है और बिजली बिल वसूली की दर कम है और वितरण प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है, वहां एक निश्चित अवधि के लिए फ्रेंचाइजी आधार पर निजी कंपनी को बिजली वितरण अधिकार देने का निर्णय लिया गया है। इस अनुसार महावितरण ने भिवंडी मंडल के तहत बिजली वितरण और देखभाल की व्यवस्था 26 जनवरी 2007 से टोरेंट पावर लिमिटेड को दी है। वितरण क्षेत्र में ऊर्जा हानि 41.85 प्रतिशत से घटकर 10.61 प्रतिशत पर आ गई है। वसूली क्षमता 68 प्रतिशत से बढ़कर 99 प्रतिशत तक जा पहुंची है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि बुनियादी ढांचे पर 1016 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है।

# महारेरा नियमों की अनदेखी करने वाले 197 बिल्डरों को नोटिस

## नंबर लिए बिना घरो की बिक्री के लिए दिए विज्ञापन

**मुंबई :** महरेरा ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 197 बिल्डरों को नोटिस थमाया है।महरेरा नंबर लिए बिना बिल्डरों ने विज्ञापन छापे है। महरेरा ने जिन बिल्डरों को नोटिस थमाया है उनमे 82 बिल्डर मुंबई के शामिल है। बता दे कि घर खरीदने वाले ग्राहकों की बिल्डरों द्वारा होने वाली लूट पर लगाम लगाने के लिए राज्य सरकार ने महरेरा कानून बनाया। महारेरा कानून के तहत बिल्डरों पर सिकंजा कसा जाने लगा। राज्य में बिल्डरों दवारा विकास कार्य करने के समय महारेरा में पंजकृत करना अनिवार्य है। महरेरा अधिनियम के अनुसार 500 वर्ग मीटर या 8 फ्लैट से अधिक की किसी भी परियोजना (फ्लैट सहित) को महारेरा के साथ पंजीकृत होना आवश्यक है।

# मुंबई के कारोबारी के बेटे को बंधक बनाकर 13.5 लाख रुपये ऐंठे




**मुंबई :** मुंबई के केमिकल कारोबारी के बेटे को मथुरा के शातिर गिरोह द्वारा कार्बाइड स्क्रैप खरीदने के बहाने यहां बुलाकर दो दिन तक बंधक बनाए रखने और 13.5 लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। कारोबारी के बेटे ने बदमाशों के चंगुल से छूटकर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने इस संबंध में एसएसपी व सीएम पोर्टल पर शिकायत की है। फिलहाल बदमाशों की तलाश की जा रही है। वहीं, पुलिस कारोबारी से तहरीर लेने के लिए संपर्क में है। लक्ष्मी बजरंगी यादव ने बताया कि मुंबई में एमआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया तारापुर में राजललिता के नाम से उनकी केमिकल फैक्ट्री है। उनके बेटे दिनेश कुमार यागन के संपर्क में मथुरा के कोसीकलां थाना क्षेत्र के कोटवन इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एमएच प्लास्टिक फैक्ट्री का मालिक बताने वाला मानसिंह बीते अप्रैल माह में संपर्क में आया था। दिनेश के पास वह कार्बाइड स्क्रैप खरीदने के लिए फोन कर रहा था। 17 जुलाई को मानसिंह ने फोन कर माल तैयार होने की बात कही। इस पर दिनेश कोटवन, मथुरा पहुंचा।

मानसिंह ने उसे होडल में गोदाम होने की बात कहते हुए वहां बुला लिया। होडल में दिनेश एक होटल में रुका। अगले दिन मानसिंह ने उसको लेने के लिए होटल पर कार भेजी। कार में तीन लोग थे। उन्होंने दिनेश को होटल से कुछ दूर ले जाने के बाद दूसरी कार सवार छह लोगों को सौंप दिया। उन्होंने उसे बंधक बना लिया और किसी अज्ञात गांव ले गए। वहां दो दिन तक एक घर में बंधक बनाकर रखा। इस दौरान दिनेश के मोबाइल से दो लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। इसके बाद साढ़े पांच लाख रुपये का बिल भेजकर और रुपये डलवा लिए। 19 जुलाई की सुबह दिनेश से जबरन फोन कराकर अधिक माल खरीदने के बहाने छह लाख रुपये और मंगवा लिए। यह रकम मानसिंह खुद दिल्ली अंगड़िया जाकर लाया। 20 जुलाई की दिनेश किसी प्रकार बदमाशों को चकमा देकर दिल्ली स्थित रिश्तेदारों के घर पहुंचा।

**दहशत में आया दिनेश**

लक्ष्मी बजरंगी यादव ने बताया कि दिनेश अपने साथ हुई वारदात से इतना खौफ में है कि उसे फोन की घंटी सुनकर भी डर लग रहा है। इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है। साथ ही एसएसपी से फोन पर वार्ता कर जानकारी दी गई है। एसएसपी द्वारा कार्रवाई का भरोसा दिया गया है।

# बीमार पिता से मिलने बुआ के घर से पिता के पास पहुंची बेटियां...

**मुंबई :** साकीनाका पुलिस ने दो नाबालिग को उनके परिवार से मिलाने के लिए कड़ी मशक्कत की। हालांकि दोनों नाबालिग बच्चियां औरंगाबाद में अपने माता पिता के पास सुरक्षित पहुंच गई। जिसकी जानकारी साकीनाका पुलिस को मिली। दस साल की नाबालिग को अपने पिता की याद आ रही थी। तभी उसकी चौदह साल की बहन ने उसे अपने पिता से मिलवाने की ठान ली और घर छोड़कर दोनों गुरुवार को निकल गए। जिसकी शिकायत उनकी बुआ ने साकीनाका पुलिस से की और फिर पुलिस ने नाबालिग होने के कारण अपहरण की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह पूरा मामला गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे के लगभग का है। जब दोनों बेटियां घर छोड़कर बाहर निकली। जब काफी समय तक वे घर नहीं लौटी तब उनकी बुआ उन्हें ढूंढने निकली और वे नहीं मिली। जिसके बाद बुआ पुलिस थाने पहुंच गई और मामले में एफआईआर दर्ज करवाया। जांच में पता चला कि वे ऑटो से स्टेशन की तरफ निकली हैं और ट्रेन पकड़कर कहीं गई है। जिसकी जांच पुलिस ने शुरू की और बच्चियों के पारा लगाकर उनके पिता से मिलवा दिया है।

**पिता को मिलने घर से निकली बेटियां**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इनके पिता औरंगाबाद में थे और बीमार चल रहे थे। इस दौरान उन्हें अपने पिता की काफी याद आ रही थी। दस साल की बच्ची अपने पिता से मिलना चाहती थी। पिता ने कहा था कि वे बीमारी से ठीक हो जाएंगे तब उससे मिलने के लिए मुंबई आएंगे। लेकिन बेटियां उनसे मिलना चाहती थी इसलिए वे घर से निकली और ट्रेन पकड़कर अपने पिता से मिलने औरंगाबाद जा पहुंची।

**ट्रेन से पहुंची थी चालीसगांव**

पुलिस ने जब जांच शुरू किया तब पता चला कि लगभग डेढ़ बजे का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिला। जिसमें नाबालिग लड़कियां घर से निकलकर ऑटो पकड़ती हैं और फिर एलटीटी स्टेशन पहुंचती है। यहां पहुंचकर टिकट निकलती हैं और तपोवन नामक ट्रेन पकड़ती हैं। ट्रेन पकड़ने की जानकारी मिलते ही पुलिस को पता चल गया कि वे औरंगाबाद अपने पिता के पास जा रही हैं। उनका गांव चालीसगांव स्टेशन से लगभग 9 किलोमीटर दूर औरंगाबाद जिला में हैं। ट्रेन से वे चालीसगांव स्टेशन पहुंचती, इससे पहले वहां के जीआरपी को दोनों की जानकारी दे दी गई थी। उनके मामा भी वहा पहुंचे थे जिन्हें पुलिस ने जानकरी दी थी। रात करीब डेढ़ बजे वे अपने माता पिता से मिली। पुलिस ने बच्चियों के परिवार के पास पहुंचने की जानकारी पुख्ता की।




# ओडिशा ट्रेन हादसे की जांच रिपोर्ट
# सरकार ने संसद में बतायी वजह

## "सिग्नलिंग सर्किट में गड़बड़ी से हुई दुर्घटना



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि ह्यसिग्नलिंग-सर्किट-परिवर्तनह्ल में चूक के कारण गलत सिग्नल दिया गया और इसी वजह से दो जून को ओडिशा के बालासोर जिले में दुखद ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना हुई। इस हादसे में 295 लोगों की जान चली गई थी। अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में कहा कि रेलवे में पिछले पांच साल में सिग्नल फेल होने के 13 मामले सामने आए हैं, लेकिन इंटरलॉकिंग सिग्नल प्रणाली में खराबी के कारण कोई घटना नहीं हुई। रेल मंत्री वैष्णव ने दो जून को ओडिशा के बालासोर में हुई रेल दुर्घटना को लेकर विभिन्न सदस्यों के सवालों के लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

पहली बार रेलवे सुरक्षा आयुक्त की रिपोर्ट से विवरण साझा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, सिग्नल सर्किट-परिवर्तन में चूक के कारण और इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर के प्रतिस्थापन से संबंधित सिग्नलिंग कार्य के निष्पादन के दौरान पीछे से टक्कर हुई थी। इन खामियों के कारण ट्रेन संख्या 12841 को गलत सिग्नल दिया गया। जिसमें यूपी होम सिग्नल ने स्टेशन की यूपी मुख्य लाइन पर रन-थ्रू मूवमेंट के लिए हरे रंग का संकेत दिया।

### फिल्म निर्माण कंपनी में निवेश करने के नाम पर
# अभिनेता विवेक ओबेरॉय के साथ धोखाधड़ी

## ठगे 1.55 करोड़ रुपये



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय के साथ तीन लोगों ने कथित रूप से 1.55 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। आरोपियों ने एक कार्यक्रम और फिल्म निर्माण कंपनी में निवेश करने पर अच्छा रिटर्न मिलने का वादा कर अभिनेता से निवेश करने को कहा, लेकिन रकम का उपयोग खुद के लिए किया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि यह मामला बुधवार को प्रकाश में आया, जब ओबेरॉय के चार्टर्ड अकाउंटेंट ने तीन लोगों के खिलाफ अंधेरी पूर्व के एमआईडीसी थाने में शिकायत दायर की। शिकायत के मुताबिक, एक फिल्म निमार्ता सहित तीनों आरोपी, अभिनेता के कारोबारी साझेदार थे और आरोपियों ने ओबेरॉय से एक कार्यक्रम एवं फिल्म निर्माण कंपनी में रुपये निवेश करने के लिए कहा था।



# लगातार बारिश से बने बाढ़ जैसे हालात

### ।एक हजार से अधिक लोगों को किया गया दर बदर ।अलर्ट पर एनडीआरएफ की टीम

**मुंबई।** पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई और उसके आस-पास के इलाकों में मूसलाधार बारिश हो रही है। शुक्रवार को भी तेज बारिश ने मुंबई में रहने वाले लोगों का कड़ा कड़ा इम्तिहान लिया। तेज बारिश की वजह से मुंबई की सड़कें पानी से लबालब भर गई हैं।

कई इलाकों में कमर तक पानी भर गया है। तेज बारिश ने मुंबई के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालत बन रहे हैं जानकारी के मुताबिक, तकरीबन 1000 से अधिक लोगों को बाढ़ संभावित इलाकों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर सिफ्ट कराया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने महाराष्ट्र के कई जिलों में ऑरेंज और रेड अलर्ट जारी किया है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीमों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया गया है।

वहीं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने महानगर के लोगों से अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने का आग्रह किया है। अधिकारी ने जानकारी दी कि भारी बारिश के बीच महाराष्ट्र की नदियां उफान पर हैं। रत्नागिरी में वशिष्ठी और जगबुड़ी नदियां, रायगढ़ में कुंडलिका, अंबा, सावित्री और पातालगंगा नदियां खतरे की रेखा को पार कर गई हैं। कोल्हापुर में पंचगंगा नदी भी बाढ़ रेखा के करीब है।

### कई इलाकों में जलभराव

मुंबई के कई इलाकों में पानी भर चुका है। सायन सर्कल, हार्बर लाइन के कुर्ला स्टेशन समेत कई इलाकों में भारी जलभराव की खबर सामने आई है। मुंबई में आवाजाही के लिए लोकल ट्रेन काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन बारिश की वजह की संचालन काफी धीमी हो चुकी है। बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) ने कई बस मार्गों को डायवर्ट कर दिया है।

भारतीय मौसम विभाग ने शुक्रवार को मुंबई को 'ऑरेंज' अलर्ट पर रखा गया था। हालांकि, आईएमडी ने एक महाराष्ट्र के लोगों के लिए राहत की खबर भी सुनाई है। मौसम कार्यालय ने गुरुवार को भविष्यवाणी की कि अगले तीन से चार दिनों में मुंबई के मौसम में सुधार होने की संभावना है।

# राजनीतिक दलों के समर्थन से वकीलों के आंदोलन को मिली धार



## सपा विधायक ने आंदोलन को आगे बढ़ाने में मदद का दिया आश्वासन

**चंदौली।** मुख्यालय निर्माण संघर्ष समिति की ओर से सदर तहसील में चलाया जा रहा आंदोलन शुक्रवार को भी जारी रहा। यही नहीं अधिवक्ताओं के आंदोलन को जनपद के प्रमुख राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिलने से आंदोलन में धार आने लगी है। इसी क्रम में सपा के सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने धरना स्थल पहुंचकर अधिवक्ताओं का समर्थन किया और आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। वहीं बसपा जिलाध्यक्ष घनश्याम प्रधान ने भी अधिवक्ताओं के आंदोलन का समर्थन किया।

इस दौरान प्रभु नारायण सिंह यादव ने कहा कि जनपद न्यायालय निर्माण के साथ-साथ मुख्यालय के विभिन्न कार्यालयों का निर्माण ना होना यह दर्शाता है कि भाजपा के जनप्रतिनिधि पूरी तरह से जनता के साथ विश्वासघात कर रहे हैं। सिर्फ नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के लिए जगह जगह पर सभाएं कर रहे हैं, लेकिन उनकी विकास कहीं दिखाई नहीं दे रही है ।न्यायालय ही नहीं अन्य प्रमुख कार्यालय भी मुख्यालय पर ना होने के कारण अधिवक्ता ही नहीं आमजन भी परेशान हैं।

कहा कि मैं पुनः जनपद की उक्त मांगों को विधानसभा सत्र के आयोजन के दौरान उठाने का काम करूंगा और मेरा प्रयास होगा कि जनपद के विकास के लिए मैं पीछे नहीं रहूंगा, न ही समाजवादी पार्टी पीछे रहेगी अधिवक्ताओं के आंदोलन में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का काम करेगी। बसपा जिलाध्यक्ष घनश्याम प्रधान ने कहा कि प्रदेश व केंद्र में सरकार होने के बावजूद भी जनपद का विकास ना होना चिंता का विषय है।

# ट्रक की टक्कर से आर्टिका कार सवार महिला की मौत, पति गंभीर

## सदमे में मृतका की सास ने भी तोड़ दिया दम




**औराई (भदोही)।** कोतवाली के कोठरा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात ट्रक की टक्कर से अर्टिका कार सवार पत्नी की जहां मौत हो गई वहीं पति गंभीर रुप से घायल हो गया।घायल को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है' घटना के सदमे में मृतक की सास ने भी दम तोड़ दिया' एक साथ हुई दो मौतों से परिवार में कोहराम मच गया है।

घटना के बारे में बताया जाता है कि गोपीगंज थाना क्षेत्र के धनापुर दक्षिणी गांव निवासी विजय कुमार मिश्र 40 वर्ष पत्नी पूजा मिश्रा 35 वर्ष एक मासूम बालिका सिया तीन वर्ष के साथ वाराणसी निजी अस्पताल में भर्ती अपने भाई पंकज मिश्र को देखने गये थे' देर रात वापस लौट रहे थे' औराई थाना के कोठरा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक चालक ने कार में टक्कर मार दिया' घटना में पूजा मिश्रा की जहां मौत हो गई वहीं कार चला रहे हैं पति विजय कुमार मिश्र गंभीर रुप से घायल हो गए, अबोध बच्ची बाल-बाल बच गई।

मौके पर पहुंची पुलिस गंभीर रूप से घायल विजय को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर के भेज दिया।बताया जाता है विजय कुमार मिश्र मुंबई में अपना निजी कारोबार करते हैं पिछले 15 दिनों से जीवन मौत से जूझ रहे गंभीर रूप से बीमार भाई को देखने परिवार के साथ आए थे। वही इस दुःखद घटना की जानकारी पर परिजनों तथा पूरे गांव में कोहराम मच गया, परिजनों का जहां रो रो कर बुरा हाल रहा वही गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी।

पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वही बहू की मौत व बेटे के घायल होने का सदमा बर्दाश्त नही कर पाई और मृतक पूजा मिश्रा की सास चन्द्रावती देवी 60 ने भी दम तोड़ दिया।

# कांग्रेसियों ने मणिपुर हिंसा को लेकर किया विरोध प्रदर्शन



**ज्ञानपुर(भदोही)।** मणिपुर हिंसा के विरोध में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी पार्क में पार्टी जिलाध्यक्ष डॉ.राजेंद्र कुमार दुबे राजन के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। जहां पर मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने की मांग की गई।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ.राजेंद्र कुमार दुबे राजन व प्रदेश सचिव वसीम अंसारी ने कहा कि मणिपुर 2 महीने से जल रहा है। मणिपुर की 2 बेटियों को नग्न कर रोड पर घुमाया गया। महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ अश्लील हरकत करने वाली घटना ने पूरे देश को अंतरराष्ट्रीय मंच पर शर्मशार किया है। उन्होंने कहा कि मणिपुर के स्थान पर यह घटना गैर भाजपा शासित राज्य में होती तो अब तक भाजपा द्वारा वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाता।

2 महीने से मणिपुर जल रहा है हिंसा रोकने कि कोई ठोस उपाय भी नहीं किया जा रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि प्रधानमंत्री को तत्काल मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करना चाहिए और गृह मंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद श्यामधर मिश्रा व महिला नेत्री शबाना खातून ने कहा कि इस देश की राष्ट्रपति आदिवासी समाज से आती हैं और जिस तरह से आदिवासी महिलाओं के साथ मणिपुर में अमानवीय घटना हुई है। राष्ट्रपति के पास असीमित अधिकार है। उनको आगे आकर राज्य सरकार को तत्काल बर्खास्त कर शांति की बहाली के लिए आवश्यक कदम उठाना चाहिए।

इस मौके पर राजेश्वर दुबे, सुरेश चंद , चिंटू शुक्ला, नितिन सिंह, संतोष पाल, रिंकू सिंह, विमल दूबे, पंकज मालवीय, सचिन मिश्रा, शक्ति मिश्रा, रौनक इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# मार्ट की कमियों को करा लिया जाएगा पूराः सीईपीसी

## कालीन निर्यात संवर्धन परिषद की बैठक में आयोजित होने वाले इंडिया कार्पेट एक्सपो को लेकर हुई चर्चा



**भदोही।** नगर के चौरी रोड कार्पेट सिटी में स्थित कार्पेट एक्सपो मार्ट में शुक्रवार को कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) के क्षेत्रीय कार्यालय में परिषद की उच्चस्तरीय बैठक हुई। जिसमें भदोही में 8 से 11 अक्टूबर के बीच आयोजित होने वाले इंडिया कार्पेट एक्सपो-2023 की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

इस दौरान सीईपीसी चेयरमैन कैप्टन मुकेश कुमार ने कहा कि पिछले बार भदोही में ऐतिहासिक इंडिया कार्पेट एक्सपो का आयोजन किया गया था, लेकिन इस बार का फेयर उससे भी भव्य और ऐतिहासिक किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कार्पेट एक्सपो मार्ट में कुछ खामियां हैं। जिसको समय से पहले ही करा लिया जाएगा। जो भी समस्याएं हैं उससे शासन और प्रशासन दोनों को ही अवगत करा दिया गया है। फेयर के लिए पिछले वर्ष शासन और प्रशासन का भारी सहयोग मिला था और इस इस मेले के आयोजन में भी शासन व प्रशासन का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सीईपीसी को यह उम्मीद है कि फेयर से पहले सभी कमियां पूरी हो जाएंगी।

इस मौके पर सीईपीसी के पूर्व चेयरमैन उमर हमीद, प्रशासनिक समिति के सदस्य मो.वासिफ अंसारी, असलम महबूब, इम्तियाज अहमद, हाजी फिरोज वजीरी, सूर्यमणि तिवारी, अनिल सिंह, रोहित गुप्ता, दर्पण बरनवाल व श्रीराम मौर्य तथा सीईपीसी की कार्यकारी निदेशक एवं सचिव डॉ.स्मिता नागरकोटी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# पारिवारिक विवाद के दो दिन बाद युवती की कुएं में मिली लाश

**मुंगराबाद शाहपुर (जौनपुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव में एक युवती की लाश कुएं में मिलने से हड़कंप मच गया । दो दिन पूर्व ही परिवार में आपस मे कहासुनी हुई थी । पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । बताते हैं कि क्षेत्र के बड़ागांव निवासी राजू सरोज पुत्र धनश्याम सरोज अपनी मां कलावती देवी व बहन लक्ष्मी देवी 20 वर्ष के साथ गांव में ही रहता है । आए दिन राजू अपनी मां से शराब के नशे में काफी कहासुनी करता रहता था । दो दिन पहले बुधवार की रात राजू ने अपनी मां कलावती से झगड़ा किया था और मारपीट पर उतारू हो गया था जिसे देख बहन लक्ष्मी भी भाई से कहासुनी करने लगी राजू ने उसे भी भला बुरा कहा । घटना से आहत लक्ष्मी देवी उसी रात गायब हो गयी । प

।रिजन और गांव के लोग दो दिनों से लक्ष्मी की तलाश कर रहे थे कि शुक्रवार को सुबह घर से थोड़ी दूर स्थित एक निष्प्रयोज्य कुएं से बदबू आ रही थी । जब गांव के लोग कुएं के पास पहुंचे और उसके अन्दर झाँक कर देखा तो एक लाश कुएं में उतराई हुई थी ।

ग्रामीणों ने कुँए में एक शव मिलने की सूचना पुलिस को दिया । सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर लाश को कुएं से निकालवाया शव निकलने पर मौके पर उपस्थित लोगों ने उसकी शिनाख्त लक्ष्मी देवी के रूप में किया । पुलिस ने मृतका लक्ष्मी के शव को अपने कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया । इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि परिवारिक विवाद में युवती ने कुएं में छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली होगी । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की सही जानकारी मिल पाएगी ।

# संक्षिप्त समाचार

## मोहन भागवत ने मां विंध्यवासिनी के समक्ष टेका मत्था



**मीरजापुर।** सर संघचालक आरएसएस, मोहन भागवत ने मीरजापुर भ्रमण के दौरान विंध्याचल पहुंच कर मां विंध्यवासिनी देवी, मां कालीखोह व मां अष्टभुजा देवी का विधिवत मंत्रोच्चार के साथ दर्शन करआशीर्वाद लिया। इसके पूर्व सर संघचालक द्वारा देवरहवा हंस बाबा आश्रम में पौधरोपण भी किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र द्वारा मां विंध्यवासिनी देवी का चित्र भेंटकर स्वागत व अभिनन्दन किया गया।

## जमीनी बंटवारे को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, तीन घायल



**मुफ्तीगंज (जौनपुर )।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र जमुवारी गांव निवासी दो पक्षों के बीच वर्षों पुराने जमीनी बंटवारे को लेकर गुरुवार की रात हुई मारपीट में तीन लोग घायल ।सभी घायलों को सी एच सी मुफ्तीगंज ले जाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद चंद्रभान राय 60 वर्ष , शैलेश राय 28 वर्षऔर आदित्य राय 15 वर्ष को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया ।बताया जाता है की उक्त जमीन का मामला न्यायालय में चल रहा है।

थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर का कहना है कि चाचा भतीजा में विवाद हुआ था अभी तहरीर नहीं मिली है अगर तहरीर मिलती है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।




# किडनी फेल के संघर्ष पर छलका शर्लिन चोपड़ा का दर्द...

एक्ट्रेस-मॉडल शर्लिन चोपड़ा ब्रेक के बाद वेब सीरीज 'पौरषपुर 2' के साथ स्क्रीन पर वापसी करने को तैयार हैं। यह सीरीज, पौरषपुर के काल्पनिक क्षेत्र के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अधिकार, राजनीति और तीव्र भावनाओं के विषय पर आधारित है। शर्लिन इसमें महारानी स्नेहलता का किरदार निभाने वाली हैं। सीरीज 28 जुलाई से ओटीटी प्लेटफॉर्म आल्ट पर स्ट्रीम होगी। इसी बीच शर्लिन खुद से जुड़ा एक बड़ा खुलासा कर सुर्खियों में आ गई हैं। 36 वर्षीय शर्लिन चोपड़ा ने हाल ही में किडनी फेलियर से अपनी लड़ाई, और कई वर्ष पहले अपने परिवार से अलगाव के अनुभव को साझा किया। एक्ट्रेस ने बताया, '2021 में मेरी किडनी फेल हो गई और मुझे लगा कि मैं मर जाऊंगी। तब मुझे एहसास हुआ कि मुझे एकता जी (एकता कपूर) के साथ और भी बहुत काम करना है, और मुझे कुछ बेहतरीन काम करने हैं। मैंने हार न मानने का निर्णय लिया।' शर्लिन ने बात को जारी रखते हुए आगे कहा, 'डॉक्टर ने दो विकल्प दिए या तो डायलिसिस या किडनी ट्रांसप्लांट। हालांकि, मेरा परिवार मुझसे इतना प्यार नहीं करता कि मुझे किडनी देता। डायलिसिस के लिए मुझे सप्ताह में तीन बार अस्पताल जाना पड़ता था, और मैं अपने जीवन में ऐसा नहीं चाहती थी।' शर्लिन ने जोड़ा, 'हालांकि, तीन महीने तक दवा लेने के बाद किडनी की खराबी ठीक हो गई, और मुझे लगा कि मुझे दूसरा जन्म मिल गया है।' इसके बाद एक्ट्रेस ने परिवार संग अपने रिश्ते का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं अब अपने परिवार के किसी भी सदस्य के संपर्क में नहीं हूं। हालांकि मेरी मां, बहन और उसके ससुराल वाले, भाई और एक भाभी हैं, लेकिन हमने काफी समय से बात नहीं की है। मैं उन्हें मिस नहीं करती।'





## वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स से रिलीज हुआ

# फिल्म 'तू तू मैं मैं' का गाना 'काश तुम ओ सनम'

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार रितेश पांडे, मधु शर्मा, यामिनी सिंह के शानदार अभिनय से सजी हुई भोजपुरी फिल्म 'तू तू मैं मैं' का सैड सांग 'काश तुम ओ सनम' रिलीज किया गया है। जिसे फेमस म्यूजिक कंपनी वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है। इस गाने में रितेश पांडे, मधु शर्मा और यामिनी सिंह सैड मूड में नजर आ रही हैं। लोकेशन सूखी पहाड़ी के पास पानी से भरे तालाब के किनारे फिल्माया गया है। गाने में यामिनी सिंह मूड में कहती हैं

कि 'हूँ अनजानी तेरे लिये दिल धड़क रहा है दुबारा, कभी नहीं कुछ भी देखा इस जहाँ में तुमसे प्यारा... ख्वाब सुनहरा सा है, ये नैना सपने सजोते... गर काश तुम ओ सनम मेरे होते...' उनके इस सैड मूमेंट में रितेश पांडे और मधु शर्मा भी सैड नजर आ रहे हैं। यह सांग देखने व सुनने बहुत ही अच्छा लग रहा है। इस गाने को अपनी मधुर आवाज में रितेश पांडे और सिंगर खुशबू जैन ने गाया है। इस गीत को लिखा है छोटू यादव ने, जिसे संगीत दिया है संगीतकार छोटे बाबा ने।

# राधिका मदान को पड़ी थी डांट

**राधिका** मदान हालिया रिलीज वेब सीरीज 'सास बहू और फ्लेमिंगो' में नजर आईं थीं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने इसकी शूटिंग से जुड़ा एक इंसीडेंट शेयर किया।

राधिका ने बताया कि शूटिंग के दौरान डायरेक्टर होमी अदजानिया ने सेट पर 250 लोगों के सामने उन पर चिल्लाया था। इस सीन में राधिका को सिर्फ वॉक करके आना था और एक्सप्रेशन देना था। फिल्म कंपैनियन को दिए एक इंटरव्यू में राधिका ने बताया, 'मैं एक ही वक्त पर 'कुत्ते' और 'सास बहू और फ्लेमिंगो' जैसे प्रोजेक्ट्स की शूटिंग कर रही थी। मैं दिन में जयपुर में शूट करती थी और रात में मुंबई में। इस रुटीन के चलते मैं अक्सर थक जाती थीं।

एक दिन 'सास बहू और फ्लेमिंगो' के सेट पर मैं थोड़ा रिलैक्स्ड थी कि क्योंकि मुझे सिर्फ एक ही शॉट देना था। मैंने सोचा कि इस सीन को देने के बाद मैं थोड़ा आराम कर लूंगी। यह एक आसान सा शॉट था। मुझे वॉक करते हुए जाना था, बैठना था और एक्सप्रेशन देना था।

सेट पर 250 जूनियर्स मौजूद थे। मैंने सोचा कि इस आसान से शॉट में मुझसे क्या ही गलती होगी? मैंने वॉक करना शुरू किया कट, साइलेंस और माइक पर होमी ने चिल्लाते हुए बोला- 'क्या तुम शांता की तरह चलकर नहीं आ सकती हो?'



हालांकि, राधिका को होमी की यह बात अच्छी लगी। उनका कहना है कि होमी हर एक डिटेल पर नजर रखते हैं। दूसरे डायरेक्टर्स तो सीन में इस डिटेल पर ध्यान भी नहीं देते, क्योंकि उन्हें इसमें सिर्फ वॉक करना था। राधिका ने आगे बताया, 'सेट पर होमी मुझे और डिंपल मैम को हर दिन नए चैलेंज देते थे। वो हम दोनों के साथ काफी सख्त थे और बाकी सभी के साथ बेहद नरम। हो सकता है कि उन्होंने पहले हमारे साथ काम किया हो, इसलिए उन्हें इसकी लिबर्टी थी, लेकिन वो वाकई हमारे साथ बहुत सख्त थे।' इंटरव्यू में राधिका ने यह भी कहा कि वो होमी की डेडिकेशन देखकर इंप्रेस्ड थीं। उन्होंने बताया, 'होमी ने मुझसे कहा- मैंने इस किरदार को चुना है और वो इस किरदार को ऐसे ही नहीं जाने देंगे। मैं चाहता हूं कि मेरा कैरेक्टर कैमरे पर नजर आए। अगर तुम थकी हुई हो तो वो तुम्हारी प्रॉब्लम है।

# अमीषा पटेल को झटका

**फिल्म** निर्माताओं की संस्था इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (इम्पा) ने अभिनेत्री अमीषा पटेल नोटिस भेज कर अपने ऑफिस में तलब किया है। इम्पा से जारी ये नोटिस में उन मसलों को लेकर है जिसके मुताबिक उन्होंने शिकायतकर्ता फिल्म निर्माताओं की रकम वापस नहीं की है। ऐसा ही एक नोटिस पॉर्न फिल्मों से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में आईं अभिनेत्री सनी लियोनी के खिलाफ भी जारी किया गया है।

अभिनेत्री अमीषा पटेल और सनी लियोन को मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के मुंबई कार्यालय में उपस्थित होने के लिए तलब किया है। संस्था ने यह कार्यवाही फिल्म निर्माता हरीश पटेल और विनोद बच्चन की शिकायत के आधार पर की है। शिकायत पर अपना पक्ष रखने का ये मौका इम्पा ने दोनों को दिया है। दोनों अभिनेत्रियों की पेशी अगले हफ्ते प्रस्तावित है। इम्पा की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक, अमीषा पटेल और सनी लियोन पर आरोप है कि उन्होंने काम के बदले लिए पैसे नहीं लौटाए हैं। मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के महासचिव अनिल नागरथ कहते हैं, 'ये पैसों के लेन देन का मामला है। निर्माताओं की शिकायत के आधार पर अमीषा पटेल और सनी लियोन को कई बार मध्यस्थता के लिए बुलाया जा चुका है, लेकिन उनकी तरफ से अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। अगर वह 25 जुलाई को कार्यालय में उपस्थित नहीं होती हैं तो उनके खिलाफ संस्था के तरफ से कार्रवाई की जा सकती है।'



इम्पा से मिली जानकारी के मुताबिक अमीषा पटेल ने निर्माता हरीश पटेल से साल 2017 में 2.5 प्रतिशत की ब्याज दर पर 65 लाख रुपये लिए थे, लेकिन आज तक उन्होंने पैसे नहीं लौटाए। अमीषा पटेल की ओर से पिछले कुछ साल में कई चेक दिए गए, लेकिन वे बाउंस हो गए।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .